Title: Need to provide adequate staff for smooth functioning of the office of General Manager, Telecommunication in Darbhanga, Bihar .-Laid.

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी (दरभंगा): महोदय, सदन के माध्यम से मैं सरकार का ध्यान अपने क्षेत्र में अभी हाल में स्थापित महाप्रबंधक दूरसंचार की तरफ दिलाना चाहता हूं। यहां पर टी डी एम के स्थान पर महाप्रबंधक कार्यालय की स्थापना कर दी गई है किन्तु अभी तक न तो महाप्रबंधक महोदय ने चार्ज लिया है और पूर्व में जो टी डी एम व्यवस्था थी वह भी समाप्त हो गई है। इन सब के कारण दूरसंचार के विकास कार्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है और विकास के सम्बंध में जो कार्य किये जाने थे वह ठप्प पड़े हुए हैं।

सदन के माध्यम से मेरा अनुरोध है कि महाप्रबंधक दूरसंचार कार्यालय जो स्थापित किया है उसके लिए पर्याप्त स्टाफ यहां पर पदास्थापित किया जाये और महाप्रबंधक दूरसंचार को यहां पर बैठने हेतु निर्देशित किया जाये जिससे यहां के दूरसंचार के विकास कार्यों को सुचारू रूप से चलाया जा सके।